दिनांक: 01.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

देश में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में आज सुबह 11 बजे तक 26 प्रतिशत से अधिक मतदान रिकॉर्ड किया गया। इस चरण में आठ राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेशों की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13–13 सीटें, पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 8, ओडिशा की 6, हिमाचल प्रदेश की 4, झारखंड की तीन और चंडीगढ की एक सीट शामिल है। इस चरण का मतदान समाप्त होने के साथ ही लोकसभा की सभी सीटों का मतदान सम्पन्न हो जाएगा। चुनाव परिणाम चार जून को घोषित होंगे।

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज मुख्यमंत्री कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये पुलिस महकमे की समीक्षा बैठक ले रहे हैं। इस बैठक में प्रदेशभर के पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं। ये बैठक प्रदेश में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को लेकर की जा रही है।

....

भरतपुर जिले के नदबई उपजिला चिकित्सालय के प्रभारी डॉक्टर मनीष चौधरी को उच्च अधिकारियों को सूचित किए बिना ही अनुपस्थित रहने तथा काम में लापरवाही बरतने पर एपीओ किया गया है। पिछले दिनों जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी के नदबई उपजिला चिकित्सालय के औचक निरीक्षण के दौरान प्रभारी डॉक्टर चौधरी अनुपस्थित पाए गये थे।

....

प्रदेश में आज जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश होने के आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले 24 घंटों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। अधिकांश भागों में आज से लू से राहत मिलने की भी संभावना है।
इस बीच, राज्य के ज्यादातर इलाकों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 47 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान करौली में रिकॉर्ड किया गया। श्रीगंगानगर में 47 दशमलव 3, हनुमानगढ के संगरिया में 46 दशमलव 7, वनस्थली में 46 दशमलव 6, अलवर और पिलानी में 46 दशमलव 5 और धौलपुर में 46 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। राजधानी जयपुर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

....

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज जयपुर के चांदपोल श्मशान घाट से पर्यावरण अमृत महोत्सव का शुभारंभ किया। महोत्सव के तहत प्रदेशभर में 1 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शिक्षा विभाग यह लक्ष्य सरकारी और निजी संस्थाओं के सहयोग से हासिल करेगा। शिक्षा विभाग की इस पहल से हरित क्षेत्र में वृद्धि होगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

....

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पांच जून को जयपुर के रवीन्द्र मंच पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर परिसर में फलों के पांच सौ से ज्यादा पौधे लगाए जाएंगे। रवीन्द्र मंच प्रबंधक ने बताया कि मंच की ओर से आमजन को पौधे भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से पौधारोपण कार्यक्रम से जुड़ने की अपील की।

....

जयपुर के मालवीय नगर क्षेत्र में आज एक कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है।
बांसवाड़ा जिले के बड़ोदिया गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात एक अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार पिता–पुत्र की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

उधर, बूंदी के हिंडौली में एक कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से कार सवार व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। हादसा उस समय हुआ, जब ये लोग जयपुर से कोटा अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।

....

झालावाड़ में दिल्ली–मुंबई रेल मार्ग पर आज अलसुबह मुंबई से दिल्ली जा रही मालगाड़ी के एक डिब्बे में अचानक आग लग गई। चार दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस दौरान करीब 3 घंटे से ज्यादा समय तक इस रेल मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। मालगाड़ी के इस डिब्बे में टायर रखे हुए थे। हादसे में ट्रैक की पटरी सहित अन्य तकनीकी संसाधनों को नुकसान हुआ है। दुर्घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

....

राजधानी जयपुर में अब रात 12 बजे बाद क्लब, रेस्टोरेंट और बार चलाने पर पाबंदी रहेगी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुंवर राष्ट्रदीप ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। उन्होंने कहा कि नियमों की अवहेलना करने पर आरोपी के खिलाफ धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी। आदेश के अनुसार इन जगहों पर 12 बजे बाद किसी भी प्रकार की गतिविधि संचालित नहीं होगी।

....